प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज में हुआ भारत सरकार की ‘आयुष्मान भारत योजना’ का जागरुकता अभियान

<u>लोक संपर्क और संचार ब्यूरो भारत सरकार के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति</u>

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में 26 सितम्बर, 2018 को आयुष्मान भारत योजना के तहत लोक संपर्क और संचार ब्यूरों द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में लोगों को जागरुक किया गया जिसके तहत गीत और नाटक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने सभी सांस्कृतिक विभाग भारत सरकार के अतिथि कलाकारों का स्वागत करते हुये भारत सरकार की आयुष्मान भारत की संक्षिप्त रूपरेखा रखी। इस अवसर पर उन्होंने लोक संपर्क और संचार ब्यूरो से आये ग्रुप लीडर जगन्नाथ सिंह और स्टेज मेनेजर बी.एन. उपाध्याय सहित सभी कलाकारों का स्वागत किया।

इस अवसर पर लोक संपर्क और संचार ब्यूरो से आये कालाकारों ने नाटक ‘श्री राम स्तुति’ से आरम्भ किया। इसके बाद द्वितीय प्रस्तुति में ‘आयुष्मान भारत’ पर गीत प्रस्तुत किया गया।

आयुष्मान भारत योजना या मोदीकेयर भारत सरकार की एक प्रस्तावित योजना हैं जिसे 23 सितम्बर 2018 को पूरे भारत में लागू किया गया था। 2018 के बजट में वित्त मंत्री अरूण जेटली ने इस योजना की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों (बीपीएल धारक) को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है। इसके

अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक परिवार को 5 लाख तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जायेगा। 10 करोड़ बीपीएल धारक परिवार इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा बाकी बची आबादी को भी इस योजना के अन्तर्गत लाने की योजना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सर्व प्रथम इस योजना की शुरूआत रांची शहर से 23 सितम्बर, 2018 को की गई साथ ही इसके एक हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया गया है। जिस पर आप कॉल करके यह जान सकते हैं कि आप इस योजना की लाभार्थी योजना में है कि नहीं। मेरे परिवार में कैंसर पीड़ित है उनका इलाज करवाना है कैसे करवाये। इस योजना से कैसे जुड़े। ये सभी जानकारी 14555 पर कॉल करके प्राप्त कर सकते हैं।

इस योजना की घोषणा का मुख्य उद्देश्य देश में स्वास्थ्य से सम्बन्धित आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराना है और देश की 40 प्रतिशत आबादी को मुफ्त स्वास्थ बीमा देना है। इस योजना के लागू होने के पश्चात गरीब व्यक्ति भी बीमारी या अन्य किसी स्थिति में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कर पायेंगे। इस योजना के लागू होने के पश्चात गरीब व्यक्ति भी बीमारी या अन्य किसी स्थिति में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कर पायेंगे। ऐसी स्थिति में पैसों की कमी उनके स्वास्थ्य के आड़े नहीं आयेंगी। इस योजना के द्वारा भारत के करीब 10 करोड़ परिवार लाभान्वित होंगे। एक बार यह बीमा पॉलिसी लेने पर पूरे परिवार के लिए इसका लाभ ले सकते हैं। इस प्रकार करीब 50 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इस योजना के द्वारा एक परिवार को एक साल में 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जायेगी जिसे जरूरतमंद व्यक्ति विकट परिस्थिति में उपयोग कर पायेगा। जुल्फिकार खान ने भी इस योजना में अपना काफी योगदान दिया है।

कोई भी व्यक्ति जिसके पास विकट स्वास्थ्य की परिस्थितियों में ना तो कोई बीमा पॉलिसी हो ना ही उस व्यक्ति के पास इतना पैसा हो कि वह अपना इलाज करवा सके। उस स्थिति में इस योजना के द्वारा वह व्यक्ति सरकार से मदद प्राप्त कर अपना इलाज करवा सकता है। शुरूआत में इस योजना के अंतर्गत परिवार के 5 सदस्यों को कवर किया जायेगा। परंतु बाद में इसके अंतर्गत पूरे परिवार को लाभ देने की बात भी कही जा रही है। इस विषय में फिलहाल सम्बन्धित समिति में अभी बातचीत जारी है।

इस योजना के लिए कोई भी सरकारी दस्तावेज होना जरूरी है केवल आधार कार्ड जरूरी नही है।

इस योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी दोनों प्रकार के परिवारों को लाभ होगा। ग्रामीण परिवारों में वे लोग जिनके पास कोई आश्रय न हों, भूमिहीन मजदूर, 16 से 60 वर्ष के व्यस्क के बिना परिवार, दलित एवं शहरी परिवारों में, सफाई कर्मचारी, घरेलू कामकाजी आदि इस योजना के लाभार्थी होंगे।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के उप–कुलसचिव (अकैडमिक) डॉ. अमित सक्सैना ने किया।

इस अवसर पर संस्थान समस्त डीन्स, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, प्रथम वर्ष के छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।